19/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज राजभवन, ईटानगर में एक विशेष समारोह के दौरान राज्य की प्रसिद्ध पर्वतारोही सुश्री काबाक यानो को वित्तीय सहायता प्रदान की। काबाक यानो माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली न्यीशी जनजाती की प्रथम और राज्य से 5वीं महिला हैं। सुश्री यानो, 8,000 मीटर से ऊपर की सभी आठ चोटियों को फतह करने के मिशन पर हैं और उनके संकल्प को देखते हुए राज्यपाल ने उनकी सराहना की। राज्यपाल ने सरकारी निकायों, निजी संगठनों और खेल प्रेमियों से सुश्री काबाक जैसे असाधारण एथलीटस को अपना समर्थन देने का भी आग्रह किया।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल की तीसरी बैठक आज ईटानगर में आयोजित की गई। बैठक में “2029 तक मिशन शिक्षित अरुणाचल” कार्ययोजना पर चर्चा की गई और उसे मंजूरी दी गई, जिसमें 3 साल की अवधि में अरुणाचल प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र को बदलने के लिए व्यापक योजना को क्रियान्वित करने की परिकल्पना की गई है। इसके अनुसार, राज्य शिक्षा विभाग शासन को मजबूत करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जिला और राज्य स्तर पर एक मजबूत चार-स्तरीय समीक्षा तंत्र स्थापित करेगा। चार स्तरीय समीक्षा तंत्र में जिलों में मासिक, राज्य शिक्षा विभाग में दो मासिक, मंत्रालय में छह मासिक और कैबिनेट में वार्षिक समीक्षा शामिल है। कैबिनेट ने शिक्षा विभाग को मास्टरप्लान की शत-प्रतिशत सफलता के लिए निष्पादन योजना का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज राज्य सिविल सचिवालय में एक कर्येक्रम के दौरान ईटानगर में तीन मल्टी-लेवल ऑटोमेटेड कार पार्किंग समर्पित की। अत्याधुनिक पार्किंग सुविधाएं शहर को भीड़भाड़ से मुक्त करने और पार्किंग समाधान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। श्री खांडू ने कहा कि, ये पार्किंग लोट्स स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बनाए गए हैं और इस उल्लेखनिय कार्य के लिए स्मार्ट सिटी टीम को भी बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी शहर में पार्किंग की समस्या को देखते हुए, जल्द ही ऐसे और पार्किंग लोट्स बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये सुविधाएं एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और ट्रेफ़िक फ़्रेंडली ईटानगर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

00000000000000000000000

अपर सुबनसिरी जिले के दापोरिजो पुलिस द्वारा विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर कानूनी कार्यवाही करते हुए जिले में कथित तौर पर ड्रग तस्करी के सिलसिले में दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से ग्यारह ग्राम हेरोइन और पैंसठ हजार रुपये जब्त की गई है। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार आरोपियों में से दो पुलिस कांस्टेबल हैं और उनके खिलाफ निलंबन आदेश भी जारी किए गए हैं।

00000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय के एंथ्रोपॉलोजी डिपार्टमेंट विभाग द्वारा आज विश्व मानव विज्ञान दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दिन का उद्देश्य वैश्विक चुनौतियों से निपटने और विविध संस्कृतियों, इतिहासों और परंपराओं को समझने में मानव विज्ञान के महत्व के बारे में जन जागरूकता को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, कामले, लोअर सुबनसिरी, पाक्के केसांग, पापुमपारे, शी-योमी, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली गिरने और बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया हैं।

0000000000000000

भारतीय जनता पार्टी अरुणाचल प्रदेश इकाई द्वारा कल ईटानगर में केंद्रीय बजट 2025-26 पर एक सेमिनार और प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। सेमिनार में केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन एवं राज्य भाजपा अध्यक्ष कालिंग मोयोंङ उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय बजट 2025-26 पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने दोहराया कि भाजपा सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" के सिद्धांत का पालन करती है।

सेमिनार में केंद्रीय मंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों के अपने अनुभव साझा की और इस क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पहले, इस क्षेत्र को खराब सड़क संपर्क, कठिन भूभाग और बुनियादी ढांचे की कमी सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। सेमिनार को राज्य भाजपा अध्यक्ष कलिंग मोयोंग ने भी संबोधित किया।

0000000000000000000000

परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण ने डिजिटल माध्यमों से लोगों को आकर्षित किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कार्यक्रम को अकेले इंस्टाग्राम पर 30 करोड़ से अधिक बार देखा गया और 1.5 करोड़ लोगों ने इस पर प्रतिक्रिया दी, जबकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 3 लाख से अधिक पोस्ट किए गए। इस साल परीक्षा पे चर्चा की शुरुआत 10 फरवरी को हुई थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के 35 छात्रों के साथ सुंदर नर्सरी में परीक्षा की तैयारी, दबाव से निपटने और नेतृत्व के पाठ जैसे विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की थी। इसके बाद सात एपिसोड प्रसारित किए गए, जिसमें मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम, अभिनेत्री दीपिका पादुकोण और आध्यात्मिक गुरु सद्‌गुरु ने छात्रों से कई मुद्दों पर बात की।

0000000000000